FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना खैरगढ़ दिनाँक 24-06-2026 जनपद फिरोजाबाद।

थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा लूट/छिनैती करने वाले 02 शातिर लुटेरे अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से 01 अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ करुआ पुत्र बबलू निवासी छारबाग ए0के0 टॉकीज के पास थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद हुआ घायल।
- वादी की पत्नी के कानों का 01 टॉप्स, 02 अवैध तमंचे 315 बोर, 02 अवैध जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल R15 (रजि0नं0 UP-83-BV-3508) रंग ब्लैक बरामद।
- घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल कराया गया भर्ती...

दिनांक 23.06.2026 को वादी रविन्द्र कुमार पुत्र सौदान सिंह अपनी ससुराल गाँव नगला पिपरानी थाना नसीरपुर से अपनी पत्नी कुशमा देवी के साथ मोटर साइकिल से अपने गाँव भकारि जा रहे थे। समय सुबह करीब 6.30 बजे सांती-हाथवन्त रोड़ पर ग्राम कनवारा के पास पहुँचे तो एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने वादी रविन्द्र कुमार की पत्नी से झपट्टा मारकर उनके कान का टॉप्स छीन लिया। उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना खैरगढ़ पर मु0अ0सं0 144/26 धारा 304(2) बीएनएस0 बनाम अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में लूट/छिनैती की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खैरगढ़ पुलिस की 03 विशेष टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा थाना खैरगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 144/2026 के सफल अनावरण एवं घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों का गहनता से परीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं।

प्राप्त सूचना के आधार पर थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा सांखिनी मोड़ पर सघन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु मोटर साइकिल सवार मोटर साइकिल को तेज गति से भगाकर मौके से भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर अभियुक्तों ने सांखिनी मोड़ से कच्चे रास्ते की ओर मोटरसाइकिल मोड़ दी, जिससे हड़बड़ाहट

में उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। स्वयं को पुलिस से घिरा देख अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया जिसने पूछताछ में अपना नाम देवेन्द्र उर्फ करुआ पुत्र बबलू निवासी छारबाग ए0के0 टॉकीज के पास थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद बताया। वहीं दूसरे अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। जिसने अपना नाम विशाल पुत्र कालीचरन निवासी मोहम्मदपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद बताया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों की पहचान मु0अ0सं0 144/2026 में वांछित अभियुक्तों के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से वादी मुकदमा की पत्नी के कान का 01 टॉप्स, 02 अवैध तमंचे 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल R 15 (रजि0 नं0 UP-83-BV-3508) रंग काली बरामद हुई। घायल अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ करुआ को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता अभियुक्तगण-

1. देवेन्द्र उर्फ करुआ पुत्र बबलू निवासी छारबाग ए0के0 टॉकीज के पास थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद।
2. विशाल पुत्र कालीचरन निवासी मोहम्मदपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. वादी की पत्नी के कानों का 01 टॉप्स ।
2. 02 अवैध तमंचे 315 बोर।
3. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।
4. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
5. घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल R 15 (रजि0नं0 UP-83-BV-3508) रंग काली।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ करुआ पुत्र बबलू उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 390/24 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 392/24 धारा 3/9/25 आर्म्स एक्ट व 411/414 भा0द0वि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 01/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक प्रेम सिंह थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सूरजमल सिंह थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 परविन्दर सिंह थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 मनीष कुमार थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 शिवम कुमार थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. है0कां0 1077 सतीश थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. कां0 400 अनुज पौनिया थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।